**Regarding Railway Station**

श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादव **(पंचमहल) :** माननीय सभापति महोदया, मुझे बोलने का अवसर देने के लिए आपका धन्यवाद । मेरे लोक सभा क्षेत्र पंचमहल के गोदरा रेलवे स्टेशन एक बड़ा जंक्शन है जो एक तरफ बड़ौदा के माध्यम से महाराष्ट्र को जोड़ता है और दूसरी तरफ मध्य प्रदेश से आगे दिल्ली को जोड़ता है । मेरे क्षेत्र लूनावाड़ा शहर में रेलवे स्टेशन का विकास करने के लिए मंत्री जी से आग्रह करता हूं । यह स्टेशन और रेलवे लाइन के विकास से गोदरा-लूनावाड़ा और आगे मोडासा होकर शामलाजी राजस्थान के उदयपुर और जयपुर से जुड़ सकेंगे । रेलवे ट्रांसपोर्टेशन से एक नया लाभ मिलेगा । आपसे नम्रतापूर्वक आग्रह करता हूं कि इस विषय में आगे की कार्यवाही के निर्देशित करें । धन्यवाद ।